# 'जवान' साई धरम तेज, दांव पर लगा करियर, सफलता के लिए टाला टकराव



'मेगा स्टार' चिरंजीवी और 'पावर स्टार' पवन कल्याण के भतीजे साई धरम तेज अपनी पिछली दो फिल्मों 'थिक्का' और 'विजेता' के जरिए दर्शकों को प्रभावित करने में असफल रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें एक हिट फिल्म की जरूरत है जिससे वे अपने तेलुगू फिल्म करियर को संवार सकें। उनकी आगामी फिल्म 'जवान' को लेकर तेलुगू बॉक्स ऑफिस काफी आशान्वित नजर आ रही है, स्वयं साई धरम तेज को भी इस फिल्म की सफलता की पूरी उम्मीद है। अपनी फिल्म की सफलता के लिए उन्होंने टकराव को टालते हुए अब इस फिल्म को 1 सितंबर को प्रदर्शित करने की योजना बनाई है। फिल्म के विषय को देखते हुए पहले यह फिल्म 11 अगस्त को प्रदर्शित होने जा रही थी, लेकिन उस सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर कुछ अन्य बडी फिल्मों के प्रदर्शन को देखते हुए और अपनी सफलता के मद्देनजर इस फिल्म को तीन सप्ताह के लिए आगे सरका दिया गया है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ज्ञातव्य है कि गत वर्ष एक सितंबर को प्रदर्शित हुई जूनियर एनटीआर की फिल्म 'जनता गैराज' ने बॉक्स ऑफिस पर बडा धमाका किया था। साई धरम तेज जूनियर एनटीआर के बहुत बडे प्रशंसक हैं। 'जवान' में साई धरम तेज सोल्जर की भूमिका अभिनीत कर रहे हैं। बीवीएस निर्देशित 'जवान' में मेहरीन ने मुख्य नायिका की भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त इस फिल्म में प्रसन्ना, सत्यम राजेश और कोटा श्रीनिवास राव ने अन्य महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। एस. थमान के संगीत निर्देशन में सजी इस फिल्म में केवी गुहा का छायांकन और एसआर शेखर का संपादन है। कृष्णा द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्माण अरुणाचल क्रिएशन के तहत किया गया है, जिसे दिल राजू प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

# अजय देवगन के कारण मैं आज तक सिंगल हूं: तब्बू





दिवंगत अभिनेत्री नूतन के बाद हिन्दी फिल्मों में समर्थ अभिनेत्री के तौर पर यदि किसी अभिनेत्री का जिक्र किया जाएगा तो वो हैं सिर्फ और सिर्फ तब्बू। अभिनेत्री फरहा की छोटी बहन तब्बू ने हिन्दी फिल्मों में निर्माता निर्देशक, अभिनेता देव आनन्द की फिल्म 'हम नौजवान' से शुरूआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने देव आनन्द की 14वर्षीय बेटी का किरदार निभाया था। इसके बाद उन्होंने बतौर नायिका बोनी कपूर निर्मित और सतीश कौशिक निर्देशित फिल्म 'प्रेम' से शुरूआत की थी। उनके सफलतम करियर की शुरूआत हुई अजय देवगन अभिनीत 'विजयपथ' से। इस फिल्म में उन पर फिल्माये गये गीत 'रूक, रूक, रूक अरे बाबा रूक. . .' में किया गया नृत्य दर्शकों को बहुत पसन्द आया था। पिछले 30 सालों से ज्यादा समय फिल्मों में सक्रिय रही इस अभिनेत्री का कभी किसी अभिनेता के साथ नहीं जोडा गया लेकिन कहा जाता है कि तब्बू के इस उम्र तक सिंगल रहने की वजह अजय देवगन हैं। वर्षो की खामोशी के बाद इस अभिनेत्री ने स्वयं इस बात को स्वीकारा है कि यदि आज मैं सिंगल हूं तो इसके जिम्मेदार अजय देवगन ही हैं। तब्बू ने कहा है कि अजय और मैं एक-दूसरे को 25 साल से जानते हैं। वह मेरे कजिन समीर आर्या के पडोसी हैं और मेरे काफी अच्छे दोस्त भी हैं। अजय मेरी जिदंगी में तबसे से है जबसे मैंने करियर में बढना शुरू किया और उन्होंने ही हमारे रिश्ते की नींव रखी थी। उन दिनों समीर और अजय मेरे ऊपर खूब निगरानी रखते थे और मुझे हर जगह फॉलो किया करते थे और जब भी कोई लडका मुझसे बात करने आता था तो दोनों उसको पीटने की धमकी तक दे देते थे। दोनों काफी बदमाश थे और अगर आज मैं सिगंल हूँ तो वो सिर्फ अजय की वजह से ही हूँ। मैं आशा करती हूँ कि उन्हें पश्चाताप होगा कि उन्होंने क्या किया। गौरतलब है कि तब्बू और अजय ने 'विजयपथ' के बाद हकीकत, तक्षक, फितूर और दृश्यम जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। इन दिनों यह दोनों सितारे रोहित शेट्टी की सफल सीरीज गोलमाल की चौथी कडी 'गोलमाल अगेन' में काम कर रहे हैं। यह पहला मौका होगा जब तब्बू किसी हास्य फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ अरशद वारसी, परिणीति चोपडा, कुणाल खेमू और तुषार कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा तब्बू, अजय देवगन के साथ लव रंजन द्वारा निर्देशित एक अन्य फिल्म में भी काम कर रही हैं।

# करण देओल का फिल्मी डेब्यू, सुपरहिट रीमेक के साथ





देओल परिवार की तीसरी पीढ़ी बॉलीवुड में कदम रखने जा रही है। धर्मेन्द्र के पोते करण देओल अपने पिता सनी देओल के निर्देशन में अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म का निर्माण उनके घरेलू बैनर विजयेता फिल्म्स के जरिए हो रहा है, जिसके जरिए उनके पिता, उनके चाचा बॉबी देओल और अभय देओल का डेब्यू हुआ था। अपने पोते करण देओल को फिल्मी परदे पर देखने के लिए दादा धर्मेन्द्र बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। इन दिनों देओल परिवार में इसे लेकर खुशियाँ ही खुशियाँ बिखरी हुई हैं। करण देओल को सबसे पहले आदित्य चोपडा अपने बैनर यशराज फिल्म्स के जरिए लांच करना चाह रहे थे। इस बारे में उनके पिता सनी देओल से संपर्क किया गया लेकिन उन्हें आदित्य चोपडा का तीन फिल्मों का एग्रीमेंट पसन्द नहीं आया और उन्होंने अपने बेटे को स्वयं अपने घरेलू बैनर से लांच करने की तैयारियां शुरू कर दी। इस माह की शुरूआत में सनी देओल ने मनाली में इस फिल्म की शूटिं÷ शुरू कर दी है। इस फिल्म का नाम 'पल पल दिल के पास' तय किया गया है, जो धर्मेन्द्र की फिल्म 'ब्लैकमेल' के सुपरहिट गीत 'पल पल दिल के पास तुम रहती हो...' से लिया गया है। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि यह फिल्म सनी देओल की डेब्यू फिल्म 'बेताब' का रीमेक है, जिसे निर्देशक राहुल रवैल ने निर्देशित किया था। हालांकि अभी तक यह समाचार भी पुख्ता नहीं हो पाया है। वैसे कुछ माह पूर्व भी समाचार प्राप्त हुए थे कि सनी देओल अपनी पहली फिल्म 'बेताब' का रीमेक अपने बेटे करण देओल के लिए बनाने जा रहे हैं। फिल्मों में आने से पहले करण देओल को एक्टिंग, फाइटिंग, घुडसवारी, तैराकी और नृत्य का प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने पिता की फिल्मों 'यमला पगला दीवाना' में बतौर सहायक निर्देशक भी काम किया है। फिल्म का निर्देशन सनी देओल स्वयं कर रहे हैं इससे पहले वे 'घायल वन्स अगेन' और 'जिद्दी' का निर्देशन कर चुके हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई सनी देओल अभिनीत और निर्देशित 'घायल वन्स अगेन' को व्यावसायिक मोर्चे पर कोई बडी सफलता नहीं मिली थी। उसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 42 करोड का कारोबार करके अपनी लागत निकालने के साथ ही कुछ मुनाफा भी अर्जित किया था। सनी देओल के निर्देशन की सभी ने तारीफ की थी।

# पेशवा बाजीराव में आएगा लीप, होगा बाजी की प्रेमिका मस्तानी 'इशिता गांगुली' का प्रवेश



सोनी टीवी के सफलतम धारावाहिकों में शुमार हो चुका ऐतिहासिक धारावाहिक पेशवा बाजीराव अब अपने चरम पर पहुंचने की तैयारी में है। इसमें लंबा लीप लिया जा रहा है जिसके बाद दिखाये जाने वाले एपिसोड में बच्चे बड़े हो चुके होंगे और परदे पर युवा सितारों का प्रवेश होगा। अभी जहां बाजीराव के रूप में रूद्र सोनी ने अपने विलक्षण अभिनय से दर्शकों को बांध रखा था, जवान बाजी के तौर करण सूचक का प्रवेश होगा। इन दिनों सोनी अपने हर शो के दरम्यान इस एपिसोड का टीजर दिखा रहा है, जिसमें करण सूचक बाजी के रूप में नजर आ रहे हैं। उनकी एंट्री को धमाकेदार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर काशी भी बड़ी हो जाएंगी। अब काशी के रूप में इशिता गांगुली नजर आएंगी, जो इससे पहले कलर्स के टीवी शो 'शास्त्री सिस्टर्स' में नजर आ चुकी हैं। इस शो का सबसे बडा और महत्त्वपूर्ण ट्विस्ट होगा मस्तानी का प्रवेश। कहानी तब रोचक होगी जब इसमें मस्तानी का आगमन होगा। इस किरदार के लिए सोनी टीवी ने मेघना चक्रवर्ती को लिया है। मेघना बंगाली धारावाहिकों की व्यस्ततम नायिकाओं में शुमार होती हैं। बताया जा रहा है कि मस्तानी के रोल के लिए शो के मेकर्स चर्चित चेहरे को लेना चाह रहे थे, लेकिन बाद में मेघना चक्रवर्ती के उम्दा ऑडिशन और उनके चेहरे की मासूमियत को देखते हुए इस किरदार के लिए उन्हीं को चुना गया। मेघना को इस किरदार के लिए तलवारबाजी और घुडसवारी सीखनी होगी। मेघना इससे पहले एंड टीवी के शो 'बडी देवरानी' और जिंदगी के शो 'ख्वाबों की जमीन पर' में नजर आ चुकी हैं।

# इलियाना का ये लूक दिलाएगा 80 के दशक की याद



अर्जुन कपूर की फिल्म मुबारकां के मेकर्स ने हवा-हवा गाने का एक टीजर रिलीज किया है। यह गाना 80 के दशक में आए एक पॉपुलर गाने का रीमेक है। इस बार इस गाने को मीका सिंह ने आवाज दी है।14 सेकेंड का यह ट्रेलर काफी कैची है और ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। गाने के वीडियो की बात करें तो इसमें अर्जुन कपूर और इलियाना डिक्रूज थिरकते नजर आ रहे हैं। गाने में इलियाना डिक्रूज का लुक भी 80 के दशक की फील दे रहा है। उन दौरान डिंपल कपाड़िया, माधुरी दीक्षित इस तरह के लुक में नजर आती थीं। गाने के बोल की बात करें तो यह पूरी तरह बदल दिए गए हैं, और इसे एक नए फ्लेवर और अंदाज में पेश किया गया है। मुबारकां में यह गाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले ओके जानू में हम्मा-हम्मा, मशीन में तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त, और बद्री की दुल्हनिया में पुराने गानों के रीमेक आ चुके हैं। इन दिनों पुराने गानों को नए अंदाज में पेश करने का ट्रेंड एक बार फिर जोरों पर है।

# रवीना के साथ काम से घबराए आशीष





रवीना टंडन की जल्दी ही प्रदर्शित होने वाली फिल्म का नाम है शब जिसे ओनिर ने निर्देशित किया है।ओनिर की फिल्मों का विषय बेहद बोल्ड रहता है। इस फिल्म में रवीना टंडन ऐसी महिला बनी हैं जो अपनी वैवाहिक जिंदगी से खुश नहीं हैं। वे आनंद उठाने के लिए युवाओं को अपने जाल में फंसाती हैं। इस फिल्म में युवा अभिनेता आशीष बिष्ट ने अज़फर नामक किरदार निभाया है जो उभरता हुआ मॉडल है और अभिनेता बनना चाहता है।वह रवीना के जाल में फंस जाता है। शब में रवीना और आशीष बिष्ट के बीच इंटीमेट सीन भी हैं। आशीष न केवल रवीना से उम्र में छोटे हैं बल्कि रवीना के बहुत बड़े फैन हैं। जब उन्हें पता चला कि रवीना और उनके बीच अंतरंग सीन फिल्माए जाएंगे तो वे .. वे कांपने लगे। उनका कहना है कि वे बहुत नर्वस थे, लेकिन निर्देशक ओनिर से डरने के कारण उन्होंने कुछ नहीं बोला। शायद रवीना ने यह बात भांप ली। उन्होंने माहौल को हल्का किया और बड़ी आसानी से ये सीन फिल्मा लिए गए।

# विदेशी धरती पर शुरू हुई अक्षय की गोल्ड की शूटिंग



अक्षय कुमार ने पिछले साल 21 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक बड़ी अनाउंसमेंट की थी। उन्होंने अपनी एक नई फिल्म गोल्ड की घोषणा की थी, जिसका निर्देशन रीमा कागती करेंगी और जिसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी मिलकर प्रड्यूस करेंगे। यह फिल्म आजादी के बाद 1948 में लंदन में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में पहली बार गोल्ड मेडल जीतने वाली इंडियन हॉकी टीम की उस ऐतिहासिक जीत की कहानी पर आधारित है। बतौर निर्देशक रीमा की तीसरी फिल्म है। ताजा खबर यह है कि इंग्लैंड में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। अभी अक्षय कुमार ने तो टीम को जॉइन नहीं किया है, मगर फिल्म के अन्य कलाकारों कुणाल कपूर, अमित साध और सनी कौशल ने शूटिंग शुरू कर दी है। अक्षय जुलाई के पहले सप्ताह में इस टीम को जॉइन करेंगे और दो महीने के शिड्यूल के दौरान अपनी ज्यादातर शूटिंग पूरी कर लेंगे। शूटिंग ब्रैडफर्ड में की जाएगी। फिल्म की तैयारी के लिए हॉकी के कई कोचेज की मदद ली गई है। इनमें भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म के इंटरनैशनल शिड्यूल की शूटिंग शुरू करने से पहले कलाकारों ने कुछ महीने संदीप से ट्रेनिंग ली है। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि शूटिंग के दौरान फील्ड पर सभी कलाकार वास्तिक हॉकी खिलाड़ियों की तरह हॉकी खेलते नजर आ सकें। लोकल ऐक्टर्स को लेने के लिए ब्रैडफर्ड सिटी सेंटर में फिल्म की टीम ऑडिशंस भी ले रही है। ये लोग विरोधी टीम के विदेशी खिलाड़ियों का किरदार निभाएंगे। इन लोगों को ट्रेन करने के लिए एक इंटरनैशनल कोच को भी हायर किया गया है।

# मेरी जिंदगी पर बनने वाली फिल्म उबाऊ होगी: शाहरुख

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शाहरुख खान अपनी जिंदगी को फिल्म बनाने के लायक दिलचस्प और विवादित कहानियों और घटनाओं से भरा नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि यह उबाऊ होगा, जब तक कि वह इसे खुद लिखने का फैसला नहीं करते। फिल्म दीवाना (1992) से बॉलिवुड में आगाज करने वाले अभिनेता ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। मशहूर हस्तियों पर बायॉपिक बनाने का चलन बॉलिवुड में नया है। उनसे पूछा गया कि क्या किसी फिल्ममेकर को वह अपने जीवन पर फिल्म बनाने देंगे तो शाहरुख ने कहा, आप जानते हैं कि मैं अपने व्यक्तित्व के सबसे दिलचस्प हिस्से के बारे में लोगों को कभी पता नहीं चलने देता। तो आपको कभी भी अच्छी कहानी नहीं मिलेगी, जब तक कि मैं इसे खुद न लिखूं। उन्होंने कहा,...तो जो भी वे बनाएंगे, वह बस एक सफल कहानी होगी, जिसे मैं निजी तौर पर उबाऊ मानता हूं। मेरा मतलब, क्या होगी स्टोरी..कि एक लड़का अपने माता-पिता की मौत के बाद दिल्ली से मुंबई आया और बिना किसी गॉडफादर के सुपरस्टार बन गया।..उबाऊ।

# नजर आया 'इत्तेफाक' का लुक, हथकडियों में सिद्धार्थ





करण जौहर के साथ मिलकर वर्ष 1969 में आई राजेश खन्ना नन्दा अभिनीत 'इत्तेफाक' का रीमेक बना रहे अभिनेता, निर्माता शाहरुख खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सोनाक्षी सिन्हा और सिद्धार्थ मल्होत्रा की अपकमिंग फिल्म 'इट हैप्पंड वन नाइट' का पहला पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में सिद्धार्थ हाथों में हथकडी लगाए हुए और अंगूठी पहने हुए नजर आ रहे हैं। टाइटल इसी नाम से बनी हॉलीवुड फिल्म के टाइटल की याद दिलाता है जो 1934 में प्रदर्शित हुई थी। हालांकि 1934 में प्रदर्शित हुई इस फिल्म पर महेश भट्ट ने वर्ष 1991 में आमिर खान और पूजा भट्ट को लेकर अनाधिकृत तौर पर 'दिल है के मानता नहीं' का निर्माण किया था। अब करण जौहर की यह फिल्म मूल रूप से उसकी रीमेक है या इत्तेफाक इस हॉलीवुड फिल्म की रीमेक थी, इसका खुलासा 3 नवंबर को होगा जब फिल्म का प्रदर्शन होगा। पहले लुक के साथ शाहरुख खान ने लिखा- उस रात को असल में क्या हुआ था। सोनाक्षी सिन्हा ने शाहरुख खान की पोस्ट पर लिखा- हो सकता है कि आप मेरी साइड भी सुनना चाहें। वहीं करण जौहर ने भी इसी पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा- सीक्रेट्स का कल खुलासा होगा। यह फिल्म 3 नवंबर को रिलीज होगी। इत्तेफाक में मॉडर्न जमाने की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म के लीड एक्टर सिद्धार्थ का कहना है कि इसमें एक भी गाना नहीं होगा, बजाए एक प्रमोशनल गाने के। उन्होंने कहा- फिल्म में हमारा एक प्रमोशनल या थीम ट्रैक होगा। जिस पर हम काम कर रहे हैं। सिद्धार्थ ने कहा- मैंने कभी सोनाक्षी के साथ काम नहीं किया है। हमने साथ में एक बार केवल फैशन शो किया था। हम फिल्म में प्रेमी जोडे की भूमिका नहीं निभा रहे हैं और ना ही ये एक लडका लडकी के मिलने की टिपिकल प्रेम कहानी है। यह असल में थ्रिलिंग और रहस्यमयी कहानी है जो एक रात को घटित हुई घटना के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन हां फिल्म में मैं उनके किरदार के साथ कई बार इंटरैक्ट करूंगा।

# खूबसूरती बढ़ाने के लिए बॉलीवुड की उर्वशी ने लिया दर्दनाक ट्रीटमेंट



बॉलीवुड की हॉट बाला उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपनी खूबसूरती का राज़ लोगों के सामने खोला है. अपने इन्स्टाग्राम अकाउंट पर उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे ख़ास तरह का ट्रीटमेंट लेती हुई नज़र आ रही हैं. उर्वशी ने अपने इन्स्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे कपिंग थेरेपी का इस्तेमाल करती हुई नज़र आ रही हैं. बता दें कि ये चाइनीज़ थेरेपी बेहद दर्दनाक होती है. इस थेरेपी में शरीर के अंदर की गंदगी को बाहर निकाला जाता है. इसके लिए कॉटन के गोले को पहले शराब में भिगोकर इसे कांच के गोल कपों में रखा जाता है. इसके बाद इनमें आग लगाकर कपों को गर्म किया जाता है. जब ये कप गर्म हो जाते हैं, तो इन्हें बगैर ठंडा किये त्वचा पर लगा दिया जाता है. इस ट्रीटमेंट को करवाने वाले को तीखे दर्द से गुज़रना पड़ता है. लेकिन त्वचा को चमकता हुआ बनाए रखने के लिए उर्वशी ने इस दर्दनाक ट्रीटमेंट करवाया. आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला हाल ही में रितिक रोशन की फिल्म काबिल के गाने सारा जमाना... से सुर्खियों में आई. इससे पहले उर्वशी ग्रेट ग्रैंड मस्ती, सनम रे और सिंह साहब दि ग्रेट जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं है. आपको बता दें कि उर्वशी से पहले बिग बॉस-10 की कंटेस्टेंट रह चुकीं बानी -जे ने भी चाइनीज़ कपिंग थेरेपी करवाई थी. उन्होंने इन्स्टाग्राम पर इसकी फ़ोटो भी साझा की थी.

# परिणीति चोपड़ा निर्देशक विकास बहल की अगली फिल्म में नहीं कर रही हैं काम

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने इस बात से इंकार किया है कि वह निर्देशक विकास बहल के साथ उनकी अगली फिल्म में काम कर रही हैं। हाल ही में मुंबई के बांद्रा में फिल्म निर्माता के साथ अभिनेत्री की तस्वीर आई थी। इस तस्वीर से ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि वह बहल की अगली फिल्म में रितिक रोशन के साथ सह कलाकार होंगी। परिणीति से फिल्म के बारे में बात होने पर बताया, यह सही नहीं है। इन दिनों जब कभी भी हम बांद्रा में लंच के लिए मिलते हैं, लोगों को लगता है कि हम फिल्म साइन करने के बाद ही साथ आएंगे। लेकिन इस तरह से चीजें नहीं होती है। मुझे पता चला है कि वह एक फिल्म शुरू करे रहे हैं और मैं उन्हें इसके लिए शुभकामना देती हूं। 28 वर्षीय परिणीति फिलहाल गोलमाल 4 की शूटिंग कर रही हैं। गोलमाल-4 के बारे में उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है और इसकी स्टार कास्ट भी बहुत बड़ी है। रोहित शेट्टी निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, तबू, अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े जैसे स्टार नजर आएंगे।